## कार्यालय केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, हरदोई।

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सेशन हाउस परिसर में झुका व ढहा हुआ सिरसा के वृक्ष की लकड़ी की नीलामी दिनांक 04.09.2026 को 4.30 बजे सायं दस कक्षीय न्यायालय भवन के भूतल पर स्थित सभागार कक्ष में किया जावेगा। नीलाम में भाग लेने के पूर्व रू० 600.00 की धरोहर धनराशि केन्द्रीय नाजिर के पास जमा करना होगा।

## नीलाम की शर्तें

1. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को नीलामी में सम्मिलित होने के पूर्व धरोहर धनराशि नकद केन्द्रीय नाज़िर के पास जमा करना अनिवार्य है।

2. नीलामी हेतु उच्चतम बोली स्वीकार की जायेगी, किन्तु किसी भी नीलामी बोली को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार नीलामी समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

3. नीलामी बोली स्वीकृत होने के उपरान्त समस्त धनराशि दो दिन के अन्दर केन्द्रीय नाजिर के पास जमा करनी होगी।

4. नीलामी स्वीकृत धनराशि जमा करने के उपरान्त तीन दिन के अन्दर लकडी सेशन हाउस परिसर हरदोई से उठा ले जाना होगा, अन्यथा जमा की गयी धनराशि राज्य सरकार के पक्ष में अधिगृहीत कर ली जायेगी।

इच्छुक सभी व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में नीलामी हेतु वृक्षों की लकड़ी का निरीक्षण करने हेतु केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय हरदोई में सम्पर्क कर सकते है।

दिनांकः– 21.08.2026

21-08-2026

अध्यक्ष
नीलामी समिति/विशेष न्यायाधीश
पाक्सो एक्ट, हरदोई।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को व्यापक प्रचार प्रसार हेतु–**

1. नोटिस बोर्ड जिला जज हरदोई।
2. नोटिस बोर्ड कार्यालय जिलाधिकारी हरदोई।
3. नोटिस बोर्ड समस्त तहसीलदार हरदोई।
4. नोटिस बोर्ड कार्यालय नगर पालिका परिषद।
5. नोटिस बोर्ड जिला पंचायत कार्यालय हरदोई।
6. प्रभारी अधिकारी कम्प्यूटर को इस जनपद एवं माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट पर प्रकाशन हेतु।

21-08-2026

अध्यक्ष
नीलामी समिति/विशेष न्यायाधीश
पाक्सो एक्ट, हरदोई।